पंजाब केसरी 07/02/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की ओर से 'आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस' पर कार्यक्रम आयोजित

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। (चौटानी)

अम्बाला, 6 फरवरी (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज द्वारा 'आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस: करियर अवसरों के द्वार खोलना' विषय पर राजीव गांधी पी.जी. कॉलेज, साहा में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमैंट विभाग के स्टाफ सदस्यों द्वारा संचालित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी युग में आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस की भूमिका, उसके व्यावहारिक उपयोग तथा इससे जुड़े विभिन्न करियर अवसरों के प्रति जागरूक करना था। सत्र के दौरान वक्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस के विविध पहलुओं, इसके बढ़ते प्रभाव तथा भविष्य में रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।